# यूनेस्को ने घोषित किये 11 नए बायोस्फीयर रिज़र्व

## प्रिलिम्स के लिये:

बायोस्फीयर रिज़र्व, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO), भारत में बायोस्फीयर रिज़र्व, मानव और जैवमंडल कार्यक्रम (MAB)

## मेन्स के लिये:

बायोस्फीयर रिज़र्व: नामनिर्दिष्ट करने हेतु मानदंड, मुख्य क्षेत्र, प्रकार्य, अंतर्राष्ट्रीय स्थिति

स्रोत: UNESCO

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में UNESCO ने 11 देशों में **11 नए** स्थलों को **बायोस्फीयर रिज़र्व (BR)** के रूप में नामनिर्दिष्ट करने की मंज़ूरी दी।

- इस प्रकार **विश्व में बायोस्फीयर रिज़र्व के नेटवर्क** में अब **136 देशों के 759 स्थल** शामिल हैं।

## यूनेस्को बायोस्फीयर रिज़र्व सूची में शामिल नए स्थल कौन-से हैं?

- केंपेन-ब्रोक ट्रांसबाउंड्री बायोस्फीयर रिज़र्व (बेल्जियम, किंगडम ऑफ नीदरलैंड)
- डेरेन नॉर्टे चोकोनो बायोस्फीयर रिज़र्व (कोलंबिया)
- मैड्रे डी लास अगुआस बायोस्फीयर रिज़र्व (डोमिनिकन गणराज्य)
- न्यूमी बायोस्फीयर रिज़र्व (गाम्बिया)
- कोली यूगेनी बायोस्फीयर रिज़र्व (इटली)
- जूलियन आल्प्स ट्रांसबाउंड्री बायोस्फीयर रिज़र्व (इटली, स्लोवेनिया)
- खार उस लेक बायोस्फीयर रिज़र्व (मंगोलिया)
- अपायाओस बायोस्फीयर रिज़र्व (फिलीपींस)
- चांग्योंग बायोस्फीयर रिज़र्व (कोरिया गणराज्य)
- वैल डी'अरन बायोस्फीयर रिज़र्व (स्पेन)
- इराती बायोस्फीयर रिज़र्व (स्पेन)

## बायोस्फीयर रिज़र्व क्या है?

- **परिचय:**
  - **बायोस्फीयर रिज़र्व (BR),** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन **(United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization- UNESCO)** द्वारा **प्राकृतिक और सांस्कृतिक परिदृश्यों** के महत्त्वपूर्ण स्थलों के लिये दिया गया एक अंतर्राष्ट्रीय पदनाम है जिसमें स्थलीय या तटीय/समुद्री पारिस्थितिकी तंत्रों के वृहद् क्षेत्र अथवा दोनों का संयोजन शामिल होता है।
  - बायोस्फीयर रिज़र्व **प्रकृति के संरक्षण** के साथ **आर्थिक और सामाजिक विकास** तथा संबद्ध सांस्कृतिक मूल्यों के रखरखाव को संतुलित करने का प्रयास करता है।
  - इस प्रकार बायोस्फीयर रिज़र्व मनुष्यों और प्रकृति दोनों के लिये विशेष वातावरण हैं तथा इस मत का सर्वोत्तम उदाहरण हैं कि किस प्रकार **मनुष्य एवं प्रकृति का एक-दूसरे की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए सह-अस्तित्व संभव है।**
- **बायोस्फीयर रिज़र्व घोषित किये जाने हेतु मानदंड:**
  - संबंधित स्थल में प्रकृति संरक्षण के दृष्टिकोण से **संरक्षित और न्यूनतम विक्षुब्ध क्षेत्र** होना चाहिये।


    - संपूर्ण क्षेत्र एक **जैव-भौगोलिक इकाई** के समान होना चाहिये और उसका क्षेत्र इतना विस्तृत होना चाहिये कि वह पारिस्थितिकी तंत्र के **सभी पोषण स्तरों का प्रतिनिधित्व** कर रहे जीवों की संख्या को बनाए रखे।
    - **स्थानीय समुदायों की भागीदारी** और जैवविविधता संरक्षण में उनके ज्ञान का उपयोग।
    - ऐसा क्षेत्र जिसमे परंपरागत जनजातीय या ग्रामीण स्तरीय जीवनयापन के तरीको को संरक्षित रखने की क्षमता हो ताकि पर्यावरण का सामंजस्यपूर्ण उपयोग किया जा सके।
- **बायोस्फीयर रिज़र्व के कार्य:**
    - **संरक्षण:** बायोस्फीयर रिज़र्व के आनुवंशिक संसाधनों, स्थानिक प्रजातियों, पारिस्थितिक तंत्र और परिदृश्य का प्रबंधन।
        - वन्यजीवों के साथ आदिवासियों की संस्कृति और रीति-रिवाज़ों का भी संरक्षण।
    - **विकास: आर्थिक और मानवीय विकास को बढ़ावा देना जो समाजशास्त्रीय तथा पारिस्थितिकी स्तर पर स्थायी हों।**
        - यह सतत् विकास के तीन स्तंभों को सुदृढ़ करता है: **सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण संरक्षण**।
    - **लॉजिस्टिक:**
        - बायोस्फीयर रिज़र्व स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण एवं सतत् विकास के संदर्भ में **शोध कार्यों, पर्यावरण शिक्षा, प्रशिक्षण तथा निगरानी** को बढ़ावा देते हैं।

# बायोस्फीयर रिज़र्व परियोजना क्या है?

- भारत सरकार ने **वर्ष 1986** में बायोस्फीयर रिज़र्व योजना शुरू की थी।
    - यह **UNESCO, MAB कार्यक्रम** द्वारा निर्देशित है, क्योंकि भारत MAB द्वारा समर्थित भूदृश्य दृष्टिकोण का हस्ताक्षरकर्त्ता है।
- इस योजना के अंतर्गत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के राज्यों और **तीन हिमालयी राज्यों को 90:10 के अनुपात** में तथा अन्य राज्यों को रखरखाव, **कुछ वस्तुओं का सुधार एवं विकास के लिये 60:40 के अनुपात** में **वित्तीय सहायता दी** जाती है।
- **राज्य सरकार प्रबंधन कार्य योजना** तैयार करती है जिसका **अनुमोदन और निगरानी** का कार्य केंद्रीय MAB समिति द्वारा किया जाता है।
- यह योजना **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** द्वारा क्रियान्वित की जाती है।

# बायोस्फीयर रिज़र्व के 3 ज़ोन कौन-से हैं?

- **कोर ज़ोन (Core Areas):**
    - यह बायोस्फीयर रिज़र्व का **सबसे संरक्षित क्षेत्र** है। इसमें **स्थानिक पौधे और जानवर** हो सकते हैं।
    - इस क्षेत्र में अनुसंधान प्रक्रियाएँ, जो प्राकृतिक क्रियाओं एवं वन्यजीवों को प्रभावित न करें, की जा सकती हैं।
    - एक कोर क्षेत्र एक ऐसा संरक्षित क्षेत्र होता है, जिसमें ज़्यादातर **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972** के तहत संरक्षित/विनियमित राष्ट्रीय उद्यान या अभयारण्य शामिल होते हैं।
    - इसे **मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखा** गया है।
- **बफर ज़ोन (Buffer Zone):**
    - **कोर क्षेत्र के चारों ओर का क्षेत्र** है तथा इसकी गतिविधियों का प्रबंधन इस प्रकार किया जाता है कि यह कोर ज़ोन को उसकी **प्राकृतिक स्थिति में संरक्षित रखने** में मदद करता है।
    - इसमें **सीमित पर्यटन, मछली पकड़ना, चराई आदि** शामिल हैं। इस क्षेत्र में मानव का प्रवेश कोर क्षेत्र की तुलना में अधिक एवं संक्रमण क्षेत्र की तुलना में कम होता है।
    - **अनुसंधान और शैक्षिक गतिविधियों** को प्रोत्साहित किया जाता है।




//

- **संक्रमण क्षेत्र (Transition Area):**
    - यह **बायोस्फीयर रिज़र्व का सबसे बाहरी हिस्सा** होता है। यह सहयोग का क्षेत्र है जहाँ मानव उद्यम और संरक्षण सद्भाव से किये जाते

हैं।
  - इसमें **बस्तियाँ, फसलें, प्रबंधित जंगल और मनोरंजन** के लिये क्षेत्र तथा अन्य आर्थिक उपयोग क्षेत्र शामिल हैं।

## भारत में बायोस्फीयर रिज़र्व क्या हैं?


- वर्ष 2024 तक, **भारत में 18 अधिसूचित बायोस्फीयर रिज़र्व हैं** (**12** यूनेस्को के MAB द्वारा मान्यता प्राप्त)।

| क्रमांक | अधिसूचना का वर्ष | नाम | राज्य | क्षेत्रफल (वर्ग किलोमीटर में) | क्या MAB मान्यता प्राप्त है? |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1986 | नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व | तमिलनाडु (2537), केरल (1455), Karnataka (1527) | 5520 | हाँ |
| 2 | 1988 | नंदा देवी बायोस्फीयर रिज़र्व | उत्तराखंड | 5860 | हाँ |
| 3 | 1988 | नोकरेक बायोस्फीयर रिज़र्व | मेघालय | 820 | हाँ |
| 4 | 1989 | मन्नार की खाड़ी बायोस्फियर रिज़र्व | तमिलनाडु | 10500 | हाँ |
| 5 | 1989 | सुंदरबन बायोस्फीयर रिज़र्व | पश्चिम बंगाल। | 9630 | हाँ |
| 6 | 1989 | मानस बायोस्फीयर रिज़र्व | असम | 2837 | नहीं |
| 7 | 1989 | ग्रेट निकोबार बायोस्फीयर रिज़र्व | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 885 | हाँ |
| 8 | 1994 | सिमिलिपिल बायोस्फीयर रिज़र्व | ओडिशा | 4374 | हाँ |
| 9 | 1997 | डिब्रू-सैखोवा बायोस्फीयर रिज़र्व | असम | 765 | नहीं |
| 10 | 1998 | दिहांग-दिबांग बायोस्फीयर रिज़र्व | अरुणाचल प्रदेश | 5112 | नहीं |
| 11 | 1999 | पचमढ़ी बायोस्फियर रिज़र्व | मध्य प्रदेश | 4982 | हाँ |
| 12 | 2000 | कंचनजंगा बायोस्फीयर रिज़र्व | सिक्किम | 2620 | हाँ |
| 13 | 2001 | अगस्त्यमलाई बायोस्फियर रिज़र्व | केरल, तमिलनाडु | 3500 | हाँ |
| 14 | 2005 | अचानकमार-अमरकंटक बायोस्फियर रिज़र्व | मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ | 3835 | हाँ |
| 15 | 2008 | कच्छ का रण बायोस्फियर रिज़र्व (सबसे बड़ा क्षेत्र) | गुजरात | 12454 | नहीं |
| 16 | 2009 | कोल्ड डेज़र्ट बायोस्फीयर रिज़र्व | हिमाचल प्रदेश | 7770 | नहीं |
| 17 | 2010 | शेषचलम हिल्स बायोस्फीयर रिज़र्व | आंध्र प्रदेश | 4755 | नहीं |
| 18 | 2011 | पन्ना बायोस्फीयर रिज़र्व | मध्य प्रदेश | 543 | हाँ |

## बायोस्फियर रिज़र्व की अंतर्राष्ट्रीय स्थिति क्या है?

- यूनेस्को ने विकास और संरक्षण के बीच संघर्ष को कम करने के लिये प्राकृतिक क्षेत्रों को **'बायोस्फीयर रिज़र्व'** नाम दिया है।
- बायोस्फीयर रिज़र्व को राष्ट्रीय सरकार द्वारा नामित किया जाता है, जो यूनेस्को के **मैन एंड द बायोस्फीयर (MAB) कार्यक्रम** के तहत न्यूनतम मानदंडों को पूरा करता है।
- **बायोस्फीयर रिज़र्व के विश्व नेटवर्क की कुल संख्या 759** है जो **136 देशों में स्थित** है तथा **कुल 7,442,000 वर्ग किलोमीटर** को कवर करता है।
- विश्व भर में लगभग **275 मिलियन लोग** बायोस्फीयर रिज़र्वों में रहते हैं।
- **MAB रिज़र्व कार्यक्रम** के अंर्तगत **भारत के कुल 12 बायोस्फियर रिज़र्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त** हैं।

# भारत में बायोस्फीयर रिज़र्व




## NOTE

- बायोस्फीयर रिज़र्व का विचार यूनेस्को द्वारा “मैन एंड बायोस्फीयर (MAB)” प्रोग्राम के तहत प्रस्तुत किया गया।
- भारत सरकार द्वारा वर्ष 1986 से बायोस्फीयर रिज़र्व नामक योजना क्रियान्वित की जा रही है।
- भारत में 18 बायोस्फीयर रिज़र्व हैं जिनमें से 12 को MAB कार्यक्रम में शामिल किया गया है। पन्ना (मध्य प्रदेश) को वर्ष 2020 में MAB में शामिल किया गया था।
- मुरा-द्रवा-डेन्यूब (MDD) विश्व का प्रथम “पाँच देशों का बायोस्फीयर रिज़र्व” (ऑस्ट्रिया, स्लोवेनिया, क्रोएशिया, हंगरी तथा सर्बिया) है।

*वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व (MAB-UNESCO)

Drishti IAS

## मैन एंड द बायोस्फीयर (MAB)

- इसकी **पहल वर्ष 1971 में यूनेस्को द्वारा** की गई थी।
- यह एक **अंतर-सरकारी वैज्ञानिक कार्यक्रम** है जिसका **उद्देश्य लोगों और उनके पर्यावरण के बीच संबंधों में सुधार के लिये वैज्ञानिक आधार** स्थापित करना है।
- **MAB कार्यक्रम** का उद्देश्य **लोगों और उनके पर्यावरण के बीच संबंधों में सुधार** करना तथा **प्राकृतिक एवं सामाजिक विज्ञान के एकीकरण** को बढ़ावा देना है।
- इससे **आर्थिक विकास के पर्यावरण अनुकूल, नवीन एवं सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त तरीकों** को प्रोत्साहन प्राप्त होता है।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

प्रश्न: बायोस्फीयर रिज़र्व क्या है? भारत में जैवविविधता संरक्षण एवं सतत् विकास में बायोस्फीयर रिज़र्व की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। उनकी प्रभावशीलता में सुधार के उपाय सुझाइये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***?????????:***

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2013)**

1. नोकरेक बायोस्फीयर रिज़र्व: गारो पहाड़ियाँ
2. लोगटक (लोकटक) झील: बरैल रेंज
3. नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान: डफला पहाड़ियाँ

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) कोई भी नहीं

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. जैवविविधता के साथ-साथ मनुष्य के परंपरागत जीवन के संरक्षण के लिये सबसे महत्त्वपूर्ण रणनीति निम्नलिखित में से किस एक की स्थापना करने में निहित है? (2014)**

(a) जीवमंडल निचय (रिज़र्व)
(b) वानस्पतिक उद्यान
(c) राष्ट्रीय उपवन
(d) वन्यजीव अभयारण्य

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. भारत के सभी बायोस्फीयर रिज़र्व में से चार को यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड नेटवर्क के रूप में मान्यता दी गई है। निम्नलिखित में से कौन-सा उनमें से एक नहीं है? (2008)**

(a) मन्नार की खाड़ी
(b) कंचनजंगा
(c) नंदा देवी
(d) सुंदरबन

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unesco-designates-11-new-biosphere-reserves